उद्योगों के लिए जमीन की कोई कमी नहीं : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उद्योगों के लिए जमीन की कोई कमी नहीं होने देंगे। लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए सरकार फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स पर भी विचार कर रही है। बृहस्पतिवार को चैबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विष्णु अजीतसरिया, पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरएन सिंह और सदस्य नारायण प्रसाद अजीतसरिया ने गोरखनाथ मंदिर में सीएम से मुलाकात की।

चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों नेउद्योगों के लिए गोरखपुर महायोजना में मानक से कम जमीन होने की बात कही तो मुख्यमंत्री ने सभी समस्याएं दूर करने के लिए आश्वस्त किया। सीएम ने कहा है कि उद्यमियों को चाहिए कि गोरखपुर को रेडीमेड गारमेंट का हब बनाने के लिए आगे आएं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर 100 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क की योजना प्रस्तावित है। सीएम ने आह्वान किया कि उद्यमियों को प्रदेश की आर्थिक समृद्धि, विकास के लिए सरकार की योजना का लाभ उठाना चाहिए। ब्यूरो